ईमेल / डाक

राजस्थान सरकार
(निर्वाचन विभाग)

क्रमांकः एफ.4(3)(3)रोल्स / निर्वा / स्वीप / 2013 / 2634 जयपुर, दिनांक 28-06-2013

प्रेषक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर

प्रेषित : समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी,
(कलेक्टर) राजस्थान।

**विषय : विधानसभा आम चुनाव, 2013 में स्वीप कार्य योजना का प्रचार–प्रसार करने के संबंध में ।**

**प्रसंग : इस विभाग का समसंख्यक पत्र 874 दिनांक 18.3.2013**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत इस विभाग के प्रासंगिक पत्र क्रमांक 874 दिनांक 18.3.2013 द्वारा आगामी विधानसभा आम चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये जिला स्तर पर प्रचार–प्रसार की 2 कार्य योजना तैयार की गई है। प्रथम कार्य योजना के अन्तर्गत राज्य में सभी पात्र व्यक्तियों का मतदाता सूची में पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाना है तथा द्वितीय कार्य योजना के अन्तर्गत मतदान के समय सभी पंजीकृत मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जाना है। इसके साथ–साथ निर्वाचन प्रक्रियाओं में आम नागरिकों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जानी है।

2. जिला स्तर पर स्वीप कार्य योजना के अन्तर्गत प्रचार–प्रसार को व्यापक एवं प्रभावी बनाने की दृष्टि से सहायक एजेन्सियों (Partnership Agencies) का चिन्हीकरण कर इनकी सहभागिता सुनिश्चित की है । इस क्रम में विभाग स्तर पर दिनांक 12 जून, 2013 को जोनल निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र, स्टेट ऑर्गोनाईजिशन कमिश्नर, भारत सरकार, स्काउट गाईड, राजस्थान, एवं श्री डी. एस. चौहान, एन.सी.सी.प्लाइंग कमाण्डर, राजस्थान के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया तथा आगामी विधानसभा आम चुनाव के दौरान राजस्थान के विभिन्न जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा तैयार की गई कार्य योजना के क्रियान्वयन के विषय में सहभागी एजेन्सियों के रूप में कार्य करने हेतु सहमति व्यक्त की गई है। उक्त सहभागी एजेन्सी के माध्यम से आगे के पैरा में दिये गये विवरण के अनुसार इनका प्रचार–प्रसार में सक्रिय सहयोग लिया जाना है।

3. **नेहरू युवा केन्द्र** – नेहरू युवा केन्द्र के राज्य स्तर पर पदस्थापित जोनल निदेशक, श्री एस0एन0 शर्मा द्वारा संगठन के विषय में जानकारी देते हुये अवगत कराया कि राज्य में नेहरू युवा केन्द्र के 14000 यूथ क्लब है । प्रत्येक यूथ क्लब में 30–40

सदस्य कार्यरत है । ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत इन यूथ क्लबों के माध्यम से सामाजिक सरोकार के कार्य किये जाते है। यूथ क्लबों के संचालन एवं मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक जिला स्तर पर नेहरू युवा केन्द्र के यूथ कोर्डिनेटर के पद भी संधारित है। बैठक में जोनल निदेशक,श्री शर्मा ने बताया कि राज्य के सभी जिलों में युवा समन्वयकों को परिपत्र जारी कर यूथ क्लबों के माध्यम से इस संबंध में प्रचार–प्रसार की कार्ययोजना तैयार करके कियान्वित करने के निर्देश दिये जा रहे है।

3.1 जिला निर्वाचन अधिकारी इस संबंध में अविलम्ब जिला यूथ कोर्डिनेटर से बैठक आयोजित कर जिले में इनके माध्यम से प्रचार–प्रसार की कार्ययोजना तैयार कर उसकी कियान्विति के लिये आवश्यक चर्चा करें तथा जिला निर्वाचन अधिकारी इस संस्था को प्रचार–प्रसार की समस्त सामग्री भी उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करें।

3.2 राज्य स्तर पर आयोजित बैठक में जोनल निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु अभियान की विशेष तिथि 7 जुलाई व 14 जुलाई, 2013 से एक दिन पूर्व अर्थात् 6 जुलाई एवं 13 जुलाई, 2013 को नेहरू युवा केन्द्र के कार्यकर्त्ताओं द्वारा एक साईकिल/मोटरसाईकिल रैली का आयोजन किया जायेगा । इसलिये इस विषय में जिला स्तर पर स्थापित स्वीप प्लान के नोडल अधिकारियों को निर्देशित करावें कि रैली आयोजन के संबंध में इस संस्था को आवश्यक सहयोग प्रदान करावे ।

3.3 जैसा कि उपरोक्त पैरा में वर्णित किया गया है कि नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से ऐसे युवाओं से सम्पर्क किया जा सकता है जो कि किसी कारणवश उच्च शिक्षा हेतु विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में प्रवेश नहीं ले पाए है। अतः जहॉ पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थाओं के छात्रों के पंजीकरण के विषय में कार्य किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर उच्च शिक्षा से वंचित युवाओं का मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाने की दृष्टि से नेहरू युवा केन्द्र के यूथ क्लबों के माध्यम से युवाओं को पंजीकरण के लिये प्रेरित किया जाना है।

3.4 **भारत स्काऊट गाईड** – जैसा कि आपको विदित है कि राज्यभर में सभी जिलों में ब्लॉक स्तर तक स्काउटस् गाईड की इकाइयॉ कार्यरत है। विभाग स्तर पर आयोजित बैठक में यह अवगत कराया गया है कि स्वीप प्लान् के अन्तर्गत भारत स्काउट गाईड पार्टनरशीप एजेन्सी के रूप में कार्य करेगी।

अतः जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समय–समय पर विभिन्न स्तर पर आयोजित होने वाली रैलियों एवं निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं में आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु इनका सहयोग प्राप्त करे। युवाओं एवं आम नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने हेतु प्रचार–प्रसार की कार्ययोजना में इस संस्था को सक्रिय रूप से जोड़ा जायें ।

3.5 **एन0सी0सी** – राज्य स्तरीय आयोजित बैठक में एन0सी0सी0 के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि एन.सी.सी. का कार्यक्षेत्र विश्वविद्यालय/महाविद्यालय है। इस संस्था के केडिट छात्र/छात्राओं की सेवाएं शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होने के बाद माह अगस्त, 2013 से मिल सकेगी । जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मुख्यालय पर एन0सी0सी0 के जिला समन्वयक से बैठक आयोजित कर स्वीप प्लान की क्रियान्विति के विषय में इनकी सहभागिता निर्धारित करते हुये इनका सक्रिय सहयोग प्राप्त करने के विषय में कार्यवाही करे ।

कृपया उपरोक्त विषय के क्रम में की गई कार्यवाही से विभाग को शीघ्रातिशीघ्र अवगत कराया जावें ।

भवदीय,

(अशोक जैन)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

क्रमांकः एफ.4(3)(3)रोल्स/निर्वा/स्वीप/2013/2634 जयपुर, दिनांक 28-06-2013
प्रतिलिपि –

1. जोनल निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र, रूम नं0 205, केन्द्रीय सदन, ब्लॉक–ए, सेक्टर–10, विद्याधर नगर , जयपुर।
2. स्टेट ऑर्गोनाईजिशन कमिश्नर,, स्काउट गाईड, भारत सरकार,।
3. श्री डी0एस0 चौहान, एन.सी.सी. फ्लाईंग कमाण्डर, राजस्थान

को सूचनार्थ एवं दिनांक 03 जुलाई, 2013 से राज्य के समस्त जिलों के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रारम्भ होने वाले पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रति संलग्न कर अनुरोध है कि अपनी संस्था के सभी जिला अधिकारियों को कार्यक्रम की जानकारी से अवगत करावें जिससे पुनरीक्षण कार्यक्रम में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा सकें।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।